हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 17 अप्रैल 2024

04 अपने भक्त के अभिमान को तुरंत नष्ट करते हैं...


07 'मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कुछ भी नहीं किया, अब सांसद...




## खबर संक्षेप

### लोस निर्वाचन-2024 के लिए सार्वजनिक व सामान्य अवकाश घोषित

**सीहोर।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए राज्य शासन ने संबंधित क्षेत्रों में मतदान के दिन निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 25 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश घोषित किया है। तृतीय चरण में 7 मई एवं चतुर्थ चरण में 13 मई (सोमवार) को होने वाले निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए सामान्य अवकाश घोषित किया है।

### विदिशा और भोपाल से 4 अभ्यर्थियों ने भरे नाम निर्देशन-पत्र

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार तीसरे चरण के लिए नाम निर्देशन-पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 12 अप्रैल से जारी है। तीसरे चरण के लिये नाम निर्देशन-पत्र के दूसरे दिन सोमवार को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक क्रमांक-18 विदिशा में 1 अभ्यर्थियों द्वारा 1 नाम निर्देशन-पत्र, लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-19 भोपाल में 3 अभ्यर्थियों द्वारा 4 नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजन ने बताया कि नाम निर्देशन-पत्र दाखिल किये गये अभ्यर्थियों के शपथ पत्र एवं अन्य जानकारियां भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट की लिंक https://affidavit.eci.gov.in/ पर देखी जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि शुक्रवार, 19 अप्रैल है। इसके अगले दिन शनिवार, 20 अप्रैल को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। नाम निर्देशन-पत्र भर चुके प्रत्याशी सोमवार 22 अप्रैल तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण के लिए मंगलवार, 7 मई को मतदान होगा। सभी चरणों के मतदान की मतगणना मंगलवार 4 जून को होगी।

### बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध


**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संचालित हो इसके लिए गत दिवस दण्ड प्रक्रिया के तहत आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम-1985 के तहत पूरे जिले में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंधित आदेश 06 जून तक प्रभावशील रहेगा। इसके साथ ही मतदान के दिन, मतदान समाप्त होने के समय से 48 घण्टे पूर्व तक किसी भी स्थिति में प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### बैठक में कलेक्टर ने अनेक विभागों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# समर्थन मूल्य पर जिले के 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी

### चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधियां न हो पाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सभाकक्ष में कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में सीएम हेल्पलाइन, लंबित एवं समय सीमा वाले पत्रों की समीक्षा की गई। कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों को कहा कि वो प्राप्त आवेदनों के निराकरण के मामलो में तेजी लाने के साथ ही प्रकरणों का त्वरित संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए विभागीय रैंकिंग में 80 प्रतिशत से बनाये रखने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने कहा कि ऐसे आवेदन जो मांग, बजट से संबंधित है उन आवेदनों को फोर्स क्लोज कराने की कार्यवाही की जाए। वहीं ऐसे आवेदन जिनका निराकरण प्रदेश स्तर पर होना है उन पत्रों के संबंध में निराकरण के निहित बिंदुओं व कारणों का स्पष्ट उल्लेख कर विभाग प्रमुख को प्रेषित किए जाए, ताकि समय सीमा में सम्पूर्ण कार्यवाही होकर प्रकरण निराकृत हो सकें। कलेक्टर सिंह ने लोकसेवा गारंटी, आरसीएमएस, भूमि अधिग्रहण न्यायालय तथा आयोग के पत्रों पर कार्यवाही के साथ ही अनेक विभागों के विभागीय कार्य की समीक्षा की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, आनंद सिंह राजावत, नितिन टाले, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह, सभी एसडीएम सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

#### निर्वाचन गतिविधियों की समीक्षा की

कलेक्टर सिंह ने लोकसभा निर्वाचन के कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि आयोग द्वारा जिन विषयों पर जानकारियां चाही जाती है वे समय सीमा में पहुंचाया जाना सुनिश्चित करें। निर्वाचन के किसी भी कार्य में न तो स्वंय विलम्ब करें और न ही किसी के द्वारा होने दें। उन्होंने कहा कि जिसे जो दायित्व सौपा गया है वो पूरी गंभीरता से निर्वहन करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एफएसटी, व्हीएसटी के द्वारा अब सधन जांच पड़ताल की जाए और जिले की सीमा में किसी भी प्रकार के अनैतिक गतिविधियां न होने पाए। किसी भी प्रकार से प्रतिबंधित सामग्री का परिवहन ना हो पाए इसके लिए चौकिंयो पर सघन जांच पड़ताल हो। जांच पडताल से संबंधित सम्पूर्ण कार्यवाही की वीडियो रिकार्डिग अनिवार्य रूप से कराई जाए।

#### मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले में मतदाता जागरूकता के लिए चलाये जा रहै अभियान का की बात करते हुये कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए स्वीप कैलेण्डर के अनुसार सभी कार्यवाहियों सुनिश्चित की जाएं। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में जिस प्रकार मतदाताओं की रूचि मतदान में रही है ठीक वैसे ही लोकसभा की मतदान तिथि 07 व 13 मई को परिलक्षित हो इसके लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हर स्तर पर प्रभावी ढंग से लगातार आयोजित हो।

#### उपर्जान केन्द्रों की व्यवस्था संबंधी निर्देश

कलेक्टर सिंह ने जिले में गेहूं उपार्जन कार्यों की समीक्षा के दौरान जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन कार्यों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जो केन्द्र प्रारंभ नहीं हुए हैं उन्हें शीघ्र प्रारंभ किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 41779 किसानों से 306167 मेट्रिक टन गेहूं की खरीदी की गई है। इसी प्रकार 598 मेट्रिक टन चने की खरीदी की जा चुकी है।

**क्षतिग्रस्त पाइप की तुरंत मरम्मत कराएं :** कलेक्टर सिंह ने पेयजल संबंधी कार्यो की समीक्षा के दौरान कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यों के दौरान पानी सप्लाई की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने पर संबंधित विभाग एवं ठेकेदार द्वारा तुरंत मरम्मत कराई जाए ताकि शीघ्र पेयजल आपूर्ति बहाल की जा सके। इसके साथ ही ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए।

## खराब गद्दे को बदलकर दुकानदार नया दे या 12288 का करे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

5 साल पहले भोपाल के हमीदिया रोड से आवेदक ने एक गद्दा खरीदा था लेकिन कुछ ही समय में यह बीच में से खराब होने लगा। जब इसकी शिकायत दुकानदार से की तो उसने इसे बदलने से मना कर दिया। आखिरकार आवेदक ने मामला उपभोक्ता फोरम में लगाया जिसके बाद इसे बदलने के आदेश दिए गए या फिर 12288 रुपए देने के लिए कहा गया।

जानकारी अनुसार उपभोक्ता अजय सोनी निवासी बड़ा बाजार सीहोर ने अनावेदक हमीदिया रोड भोपाल से 2019 में एक कंपनी का एक गद्दा क्रय किया था। गद्दा कुछ समय बाद ही बीच में बैठक खा गया जिसे विक्रेता ने बदलने से मना कर दिया। क्रेता अजय सोनी ने उपभोक्ता फोरम में परिवाद प्रस्तुत किया। इसका विचारण कर आयोग ने 20 मार्च 2024 को अंतिम आदेश पारित कर विक्रेता को गद्दा बदलकर नया गद्दा देने अथवा गद्दे की कीमत 12,288 रुपए सहित मानसिक क्षति के 3 हजार रुपए व परिवाद व्यय 2 हजार रुपए अदा करने के आदेश दिए। उपभोक्ता की ओर से पैरवी वीएस तोमर अधिवक्ता ने की।

### केंद्रीय विद्यालय : 19 को आएगी पहली सूची

**सीहोर।** केंद्रीय विद्यालय संगठन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा पहली में दाखिले के लिए आवेदन की समय सीमा सोमवार को समाप्त हो गई है। जिन अभिभावकों ने अपने बच्चों के एडमिशन के लिए आवेदन किए हैं उनमें से पहली चयनित सूची 19 अप्रैल को जारी होगी। एडमिशन की प्रक्रिया 1 अप्रैल से शुरू हुई थी। केंद्रीय विद्यालय में पहली कक्षा में एडमिशन के लिए एक अप्रैल से पंजीयन शुरु हुए थे। सोमवार को शाम 5 बजे तक पंजीकरण की अवधि थी। इस दौरान अभिभावकों ने अपने बच्चों के एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। पहली चयनित सूची 19 अप्रैल को जारी होगी, जबकि दूसरी चयनित सूची 29 अप्रैल को और तीसरी चयनित सूची 8 मई को जारी होगी।

## टीम ने भरी गर्मी को देखते हुए बेजुंबा प्राणियों को कराया आनंदम भोज





**सीहोर।** इस रविवार टीम संडे के सुकून की महिला ब्रिगेड ने आगे आकर लगभग 6 पसेरी आटे की रोटी अपने हाथों से बनाई, फिर टीम ने हरी हरी घास मंगा कर अपने हाथों से गौवंश को खिलाई एवं रोटी के साथ दूध को मिलाकर पूरे सीहोर शहर के श्वान को बड़े मनुहार संग आनंदम भोज कराया।

इस पूरे कार्यक्रम में घर के बच्चों ने टीम के सदस्यों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाया, टीम ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि वह गर्मी में अपने साथ-साथ बेजुंबा पशु-पक्षी का भोजन पानी का भी विशेष ध्यान रखें।

गौरतलम है कि पिछले रविवार टीम संडे के सुकून ने लगभग 20 पानी की टंकियां बेजुंबा पशु पक्षी के लिए पूरे शहर में अपने हाथों रखाई है।

टीम संडे का सुकून का उद्देश्य मात्र यह है कि हमारे पास जो अधिक है वह हम बहुत ही जरूरतमंद लोगों से बांटे एंव जितना हो सके उतनी दुख तकलीफ को दूर कर सके और मिलकर एक स्वच्छ एवं सुंदर सीहोर बनायें।

## कार्रवाई: लाड़कुई वन परिक्षेत्र से वन माफिया गिरफ्तार, सागौन की सिल्लियों सहित 7 लाख रुपए कीमती सोनालिका ट्रैक्टर किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

लाड़कुई क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने वन माफिया से अवैध रूप से काटकर ले जा रहीं सागौन की सिल्ली सहित 7 लाख रुपए कीमती सोनालिका ट्रैक्टर जब्त किया है। इस दौरान आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है।

बता दें कि वन मंडल सीहोर के लाड़कुई वन परिक्षेत्र के सामने से वन माफिया 36 बेश कीमती सागौन की सिल्लियां ले जाने के प्रयास में थे। इसके लिए उन्होंने सोनालिका टैक्टर निकलने की जुगाड़ में थे। मुखबिर की सूचना पर वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश उइके ने अपने स्टाफ के साथ सिवानियां से लाडकुई भिलाई रोड पर चेकिंग अमला लगाया। वन विभाग को बड़ी सफलता मिली। चैकिंग के दौरान भिलाई रोड़ पर कालेज के सामने अवैध वनोपज परिवहन करने वाले बिना नंबर के सोनालिका टैक्टर मिला। इसकी ट्राली में बेस कीमती सागोंन 36 सिल्ली मिली। वन अमले ने मौके पर ही ट्रैक्टर चलाक को पकड़ लिया। वहीं तीन आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हुए। उइके के अनुसार सागौन की इन लकड़यिों की कीमत लगभग 55 हजार रुपए है वहीं सात में सात लाख रुपए कीमती ट्रैक्टर की जब्ती भी हुई। आरोपियों को पकड़कर उनपर वन अधिनियम में अपराध कायम किया है। अब आरोपी को न्यालय में पेश किया जाएगा और टैक्टर पर राजसात की कार्रवाई की जाएगी।




इस कार्रवाई में प्रकाश उईके, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी देवीसिंह भावर, वन रक्षक यशवंत गोयल, अमरसिंह रावत, हेल्पर रॉयसिंह बरेला, चैनपाल यादव की भूमिका रही।

## 39 पर पहुंचा अधिकतम तापमान, 2 दिन बारिश की संभावना नहीं

**सीहोर।** जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। उल्लेखनीय है कि 5 दिनों तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के प्रभाव के कारण तापमान में कमी आई थी, वहीं अधिकतम तापमान में अब 1 डिग्री की बढ़ोतरी हो गई है।

जानकारी के अनुसार बीते एक सप्ताह के दौरान सीहोर जिले में मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। 5 दिनों तक लगातार वेस्टर्न डिस्टरबेंस का प्रभाव रहा, जिसके कारण अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। लेकिन कल से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज होना शुरू हो गई है। कल जहां अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था, वहीं आज 1 डिग्री की बढ़ोतरी होकर 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अभी तीन दिनों तक भीषण गर्मी का दौर रहेगा, उसके बाद मौसम में कुछ परिवर्तन होने की संभावना रहेगी। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि पूर्व अनुमान की जारी की गई एडवाइजरी के अनुसार आज और कल बारिश की संभावना नहीं है। इस दौरान धूप में तेजी रहेगी जिसके कारण लोगों को भीषण गर्मी का एहसास होगा।



## पानी चोरी : नाली की खुदाई में दिखी सप्लाई लाइन लोगों ने रातोंरात घरों का जोड़ा कनेक्शन, 6 काटे



**सीहोर।** पानी चोरी के तरीके इजाद करने में शहर के लोग इतने होशियार हैं कि उन्होंने पानी निकासी के लिए बनाई नाली की खुदाई के समय दिखी मुख्य लाइन से रातोंरात अपने घर में कनेक्शन करवा लिया।

जब नपा अमले को पता चला तो सोमवार को इन नल कनेक्शनों को काटा गया। नगर में अवैध नल कनेक्शन कराने के सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं। अभी तक नगर पालिका करीब 4500 अवैध नल कनेक्शन काट चुकी है जिन्हें लोगों ने चोरी से करा रखा था। इनमें इस तरह के भी कनेक्शन थे जो अमृत योजना की लाइन डालने के बाद किए गए थे। इस तरह इन घरों में दो-दो नल कनेक्शन थे जिन्हें काटने की कार्रवाई की गई थी। गौरतलब है कि कोलीपुरा से झागरिया जोड़ तक फोरलेन का काम चल रहा है। इस दौरान यहां पर पानी निकासी के लिए नाली बनाई जा रही है।

#### 150 फीट लंबा पाइप डाला

अमले ने सोमवार को ब्रह्मपुरी कालोनी में आधा दर्जन लोगों द्वारा चोरी से किए नल कनेक्शनों को काटा। लोगों ने अवैध रुप से 100 से 150 फीट लंबा पाइप डालकर पानी का कनेक्शन कर लिया।

#### सवाल: इन पर कार्रवाई क्यों नहीं?


हर बार नगर पालिका का अमला इन लोगों के अवैध नल कनेक्शनों को काट तो देता है लेकिन इन पर कार्रवाई क्यों नहीं करता है। जिन लोगों ने अवैध कनेक्शन किया है उन पर सख्त कार्रवाई होना चाहिए। साथ में जिस भी व्यक्ति ने यह कनेक्शन किया है उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होना चाहिए। शासकीय पाइप लाइन में चोरी से कैसे कनेक्शन किया जा सकता है। यदि कोई करता है तो सख्ती होना चाहिए लेकिन यह नहीं हो पाता है और लोगों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर का कहना है कि अब अवैध रूप से नल कनेक्शन करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नगर पालिका इन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

### तुवर दाल 27 और चना दाल 8 रुपए किलो महंगी

# 15 दिन में दाम आसमान पर व्यापारी बोले- चुनाव के कारण सरकार का नियंत्रण पर ध्यान नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बाजार में फिर से दाल के भाव आसमान छूने लगे हैं। थोक भाव 14 दिन में ही 27 रुपए किलो तेज हो चुके हैं। 1 अप्रैल को जो तुवर दाल 143 से 145 रुपए प्रति किलो मिल रही थी उसके भाव रविवार को 170 से 172 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ चना दाल में भी उछाल देखने को मिला है। 67 से 68 रुपए प्रति किलो वाली चना दाल 75 से 76 रुपए तक बिक रही है। मूंग मोगर दाल को छोड़कर उड़द मोगर और मसूर दाल में भी एक माह से लगातार भाव में बढ़ोतरी नजर आ रही है। व्यापारियों के अनुसार चुनाव के कारण सरकार नियंत्रण पर ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में स्टॉकिस्टों के कारण भाव बढ़ रहे हैं। जिले की बात करें तो घरों में सबसे ज्यादा तुवर दाल का उपयोग होता है। इसके बाद उड़द व चना दाल खाई जाती है।



**स्टॉकिस्ट के कारण भाव में तेजी:** बाजार के एक्सपर्ट मनोज गुजराती ने बताया कि कच्चे माल यानी दलहन की आपूर्ति कम होने के कारण दाल की कीमतों में तेजी आई है। आयातित दलहनों के भाव भी तेज बने हुए हैं। जब तक मंडियों में दलहनों की आपूर्ति नहीं बढ़ेगी तब तक भाव तेज बने रहेंगे। साथ ही स्टॉकिस्टों ने भी बहुत तेज कर रखे हैं। तुवर दाल की पैदावार पिछले साल कम होने और मांग के कारण जून-जुलाई 2023 से भाव में लगातार तेजी रही। अगस्त 2023 तक थोक में ही तुवर दाल के भाव 180 रुपए तक पहुंचने के साथ साल के अंत में थोक भाव कुछ कम होकर इसी के आसपास रहे। इस साल के शुरू में भाव कम रहे और जनवरी में तुवर दाल 155 से 160 रुपए किलो रही। जबकि फरवरी मध्य में सरकार द्वारा कुछ नियंत्रण करने कारण तुवर दाल 145 से 150 रुपए किलो तक बिकी। लंबे समय तक उतार चढ़ाव के साथ तुवर दाल के भाव इसी के आसपास बने रहे। 1 अप्रैल को तुवर दाल 143 से 145 रुपए किलो थी। इसके बाद लगातार भाव में तेजी देखने को मिल रही है और 14 दिन में ही भाव 27 रुपए किलो बढ़कर रविवार को 170 से 172 रुपए किलो तक पहुंच गए हैं।

#### एक नजर भाव पर

दाल 1 अप्रैल 14 अप्रैल तुवर दाल 143 से 145 170 से 172 चना दाल 67 से 68 75 से 76 मूंग दाल 110 से 111 100 से 110 उड़द दाल 112 से 115 122 से 125
मसूर दाल 68 से 70 73 से 75 (नोट: भाव थोक बाजार के अनुसार रुपए प्रति किलो में)
तुवर दाल के भाव 172 रुपए किलो

## आधार कार्ड: संस्था लगवा सकेंगी शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आधार कार्ड अपडेशन के लिए प्रक्रिया शुरु हो गई है। शहर की सामाजिक संस्थाएं और रहवासी सोसायटी को इस बार इससे जोड़ा गया है।

यह संस्था और रहवासी सोसायटी शहर में आधार कार्ड अपडेशन से जुड़े कैंप लगवाना चाहती है तो इसमें मदद की जाएगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आम लोगों की सुविधा के लिए यह पहल की है।

इसके लिए संबंधित रहवासी समिति को बाकायदा लेटर हेड पर प्राधिकरण के अधिकृत सेंटर पर प्रस्ताव के रूप में आवेदन देना होगा। इसमें अपडेशन की अनुमानित संख्या का भी उल्लेख करना होगा। बता दें कि 10 साल पहले बने सभी आधार कार्डों को अपडेट कराना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी देनी होगी

**सीहोर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में प्रत्येक उम्मीदवार द्वारा अधिकतम 4 फॉर्म भरे जा सकेंगे। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने नाम निर्देशन पत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र में एक शपथ पत्र भी देना होगा। अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर 24 घंटे में प्रदर्शित किए जाएंगे। शपथ पत्र में उम्मीदवार को अपने आपराधिक प्रकरणों की जानकारी भी देनी होगी, जिससे मतदाता ऐसे उम्मीदवारों की पृष्ठभूमि के बारे में जान सकें।

### एसआई व कांस्टेबल भर्तीः आवेदन 14 तक

**सीहोर।** रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड (आरआरबी) द्वारा आरपीएफ में सब इंस्पेक्टर व कांस्टेबल के 4660 पदों पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरु हो गई है। प्रार्थी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। रेलवे बोर्ड ने आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर के 452 पद पर जबकि कांस्टेबल के 4205 पद पर भर्ती निकाली है। अभ्यर्थी 14 मई तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### जीएसटीः 27 तक कर सकेंगे रिटर्न अपडेट




**सीहोर।** जीएसटी में पहली बार सरकार ने टिनर्स उबी सुधारने का मौका दिया है। कौन से महीने का रिटर्न करदाता संशोधित कर सकेंगे यह सरकार ही तय करेगी। जिन करदाताओं को ये सुविधा दी जा रही है वे जीएसटी पोर्टल पर देख सकते हैं। इसके लिए 27 अप्रैल तक विंडो खुली रहेगी। दरअसल पोर्टल पर समस्या आती थी कि रिटर्न में जो आंकड़ा डाले जाते थे और जो सेव होते थे वह रिटर्न अपलोड होने के बाद बदल जाते थे। सरकार ने ये सुविधा देने से पहले इसका उल्लेख नहीं किया है कि यदि विभाग ने कोई नोटिस जारी किए हों या असेसमेंट करते हुए कोई डिमांड निकाली हो तो उसका क्या होगा।

### विश्वनाथपुरी में संगीतमयी नौ दिवसीय श्री रामकथा का तीसरा दिन

# अपने भक्त के अभिमान को तुरंत नष्ट करते हैं भगवानः उद्धवदास महाराज

**रामकथा में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया, सभी श्रद्धालुओं ने नृत्य कर पूरे आनंद में भाव विभोर होकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान को यदि भक्त को कोई बात पसंद नहीं आती है तो वह है अभिमान। यदि भक्त को अभिमान हो जाता है तो भगवान बहुत सख्ती से उसे पूरी तरह हटाने में लग जाते हैं क्योंकि अभिमान व्यक्ति का नाश कर देता है और भक्त भगवान से बहुत दूर हो जाता है। भक्त के जीवन के सुख दुख की जिम्मेदारी भगवान की होती है और वो नहीं चाहते कि अभिमान के कारण उनके भक्त के जीवन में संकट आए या अभिमान के चलते भक्त भगवान से दूर हो जाए। यही कारण है कि अपने सबसे प्रिय भक्त नारदजी के अभिमान को नष्ट करने में भगवान ने बिलकुल भी देर नहीं की।

उक्त आषय के उदगार सुप्रसिद्ध श्री रामकथा वाचक श्रीश्री 1008 महंत श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी आश्रम सीहोर ने शहर के सीवन स्काई सिटी के नजदीक विष्वनाथपुरी में स्थित प्रसिद्ध श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर शनिवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्री रामकथा के तीसरे दिवस बडी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को रामरस में सराबोर करते हुए व्यक्त किए। महाराजश्री ने कहा हमें अच्छाई करके भूल जाना चाहिए क्योंकि



जहां पानी रूक जाता है वो गंदा हो जाता है इसलिए नेकी करों और भूल जाओ तभी आपके जीवन की सार्थकता है। आपके द्वारा किए गए अच्छे और बुरे कर्म अपने समय पर फलीभूत अवष्य होंगे इसलिए हमें पुण्य कर्म में ही अपनी उर्जा लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रषंसा एक मीठा जहर है इससे हर व्यक्ति को बचना चाहिए क्योंकि प्रषंसा व्यक्ति को असलियत से दूर कर देती है फिर वह व्यक्ति अपनी वास्तविक स्थिति को देख ही नहीं पाता। अपनी सुमधुर वाणी में महाराज जी ने कई भजन सुनाए जिन्हें सुनकर सभी श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। महाराज श्री के साथ संगीत टीम में सुप्रसिद्ध भजन गायक विशाल व्यास, सहित उनके संगीतज्ञ साथीगण विजेन्द्र मेवाडा, कमलेष, सचिन एवं शुभम नायक ने श्रीराम कथा के दौरान अपने हुनर से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। रामकथा में श्रीराम जन्मोत्सव मनाया गया, सभी श्रद्धालुओं ने नृत्य कर पूरे आनंद में भाव विभोर होकर भगवान का जन्मोत्सव मनाया। उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी गत 13 अप्रैल शनिवार से 21 अप्रैल रविवार तक प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक नौ दिवसीय श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा में शहर श्री उद्धवदास जी त्यागी महाराज श्रीराम कुटी त्यागी आश्रम सीहोर द्वारा सभी भगवत जनों को रामकथा की रसास्वादन कराया जा रहा है। कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष पद अमित नीखरा मंदिर समिति के अध्यक्ष अनारसिंह चैहान, संरक्षक कमलसिंह ठाकुर, पं. ओमप्रकाष शर्मा, एमएस परमार, मुकेष भावसार, इन्द्रजीतसिंह, महेन्द्रसिंह चैहान, गोपालदास अग्रवाल, भानुप्रसाद गौर, राहुल वर्मा, कथा आयोजन समिति के उपाध्यक्ष पंकज ठाकुर, संतोष परमार, सुमित गिरोंदिया, सचिव मोहब्बतसिंह तोमर, कोषाध्यक्ष किशन राठौर, आनंद अग्रवाल, शुभम मालवीय, मुकेष प्रजापति ,मनोज दुबे, नीरज ठाकुर, संतोष दरबार आदि अनेक समिति सदस्यों ने सभी धर्मप्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में श्रीराम कथा में सम्मिलित होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है। कथा समापन के अगले दिन श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर में अखंड रामायण का पाठ भी किया जाएगा जो 22 अप्रैल को प्रातः प्रारंभ होगा एवं 23 अप्रैल को समापन पष्चात हवन किया जाएगा। इसके साथ ही सायंकाल विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।



## मतदाता जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला




**सीहोर।** आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर मे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों द्वारा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डाँ मोहम्मद यासीन के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीके रैदास के मार्गदर्शन में आज महाविद्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता के लिए छात्रों द्वारा मानव श्रंखला बनाई साथ ही अधिष्ठाता द्वारा आने वाले लोकसभा चुनाव में शतप्रतिशतए निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर मतदान करने के लिए लिए प्रेरित किया एवं ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने को कहा कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीके रैदास द्वारा छात्रों को कहा कि इस लोकतंत्र के पवन पर्व में सभी छात्रों को अपना मताधिकार का उपयोग करना चाहिए जिससे एक मजबूत सरकार बन सके उसके पश्चात मताधिकार करने हेतु अधिष्ठाता द्वारा शपथ ग्रहण कराई गयी। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 50 से अधिक छात्र एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकए वैज्ञानिक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। जिसमे डॉ भानु, डॉ राजकुमार धाकड़, डॉ राजेंद्र वर्मा एवं सतीश देवड़ा एवं छात्र शुभम अटोलियाए हर्षिता जैन, आकाश विश्वकर्मा, प्रमोद त्यागी, अनुष्का जैन, अभिनेश जोशी, आदि उपस्थित थे।

## कारखाना अधिनियम के तहत 7 मई और 13 मई को श्रमिकों का अवकाश

**सीहोर।** निर्वाचन आयोग द्वारा समस्त संसदीय क्षेत्रों में आम निर्वाचन कार्यक्रम-2024 जारी किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संसदीय क्षेत्रों 19-भोपाल एवं 18-विदिशा क्षेत्र अन्तर्गत सीहोर, बुधनी एवं इछावर विधानसभा क्षेत्र में 07 मई,2024 और 13 मई,2024 संसदीय क्षेत्रों 21-देवास अन्तर्गत आष्टा विधानसभा क्षेत्र में मतदान होगा। जारी दिशा निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने गत दिवस लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस 07 मई,2024 और 13 मई,2024 को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने के लिए सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाने के निर्देश दिये गये हे। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि (Substantial) स्वेदव हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन, आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरूद् दण्ड के प्रावधान है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने लोकसभ के आम निर्वाचन 2024 के संसदीय क्षेत्रों में आने वाले समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से जिले के समस्त कारखानों के अधिभोगीगणों प्रबंधकों तथा दुकानों, व्यवसायियों, कारोबारियों एवं वाणिज्यिक स्थापनाओं के नियोजक तथा प्रबंधकों को निर्देशित किया जाता है कि वे प्रावधान का समुचित परिपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जावे।

### ओमप्रकाश नागले के निधन पर जिला भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**सीहोर ।** सीहोर जिला भाजपा के महामंत्री रवि नागले,लखन,नीरज नागले के पूज्य पिता ओमप्रकाश जी नागले का 74 वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। सीहोर जिला भाजपा के अध्यक्ष रवि मालवीय ने पूज्य ओमप्रकाश नागले के निधन पर सीहोर जिला भाजपा की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में सीहोर जिले का भाजपा परिवार पूरी तरह से नागले परिवार के साथ खड़ा है। दुख की इस घड़ी में भगवान,श्री नागले परिवार को संबल प्रदान करे । सीहोर जिला भाजपा के मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने बताया की सीहोर जिला भाजपा के महामंत्री रवि नागले के पूज्य पिता ओमप्रकाश नागले के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान, इछावर के विधायक एवं मप्र के राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा,सीहोर के विधायक सुदेश राय,आष्टा के विधायक गोपालसिंह इंजीनियर सहित सभी जिला पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, सभी मंडलो के अध्यक्षो,सभी मोर्चा प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## शिव का भजन पूजन सत्संग करने वाला स्वयं शिव समान हो जाता हैः पं.मोहितराम

**सीहोर।** भगवान शिव का जो भजन करते हैं पूजन करते हैं जो भगवान शिव के जल चढ़ाते हैं शिव के मंदिर जाते हैं शिवालय के दर्शन करते हैं भगवान का निवेध अपर्ण करते हैं भगवान के ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करते हैं जो शिव महापुराण की कथा को सुनते हैं वह स्वयं ही भगवान शिव रुद्र के समान हो जाते हैं। इसका वर्णन शिव महापुराण कथा में आता है बिंदु ब्राह्मण देवराज ब्राह्मण चंचुला जी ने कथा को सुना वह शिव के समान होकर शिव धाम गए। यहां अमृतमय वचन भगवान शिव की पावन कथा शिव महापुराण ग्राम निपानिया कलां तहसील आष्टा बस स्टैंड पर चल रही सप्त दिवसीय श्रीशिव महापुराण कथा के विश्राम दिवस के दिन राष्ट्रीय संत कथा व्यास परम गौभक्त भक्त



पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए। आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि जो शिव पुराण की कथा को सुनता है पर स्वयं शिव हो जाता है पूर्ण हो जाता है। आज पूर्ण आहुती की कथा में हम सब भी भगवान शंकर के पूर्ण स्वरूप का दर्शन करे द्वादर ज्योतिर्लिंगों की कथा सुनेंगे जिसको सुनकर मानव आवा गमन से छुटकारा पा जाता है। भगवान के धाम कैलाश लोक को प्राप्त करता है यहां शिव महिमा है। शिव कथा की महिमा है शिव पूजन की महिमा है। जो भी पूर्ण निष्ठा और श्रद्धा के साथ सनातन और शिव को अपना आएगा बस शिव के समान हो जाएगा।

हम सभी इस नूतन नव वर्ष में सनातन धर्म संस्कृति से परिपूर्ण हो भगवान की भक्ति करें पूजन करें ध्यान करें। बहन बेटी गांव गोत्र की रक्षा करके सनातन धर्म और भारत को विश्व गुरु बनाएं। यही हर भारतीय का संकल्प होना चाहिए। आयोजन कर्ता नव दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड ने संपूर्ण क्षेत्रवासियों माता बहनों का ग्राम निपानिया कला का कथा में प्रधारने के लिए आभार व्यक्त किया।

## मतदाता जागरूता के लिए कलेक्टर ने चलाया हस्ताक्षर अभियान



**सीहोर।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण सिंह ने कलेक्ट्रेट में मतदाता जागरूकता के लिए हस्ताक्षर का शुभारंभ कर अभियान की शुरुआत की इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी सहित अनेक अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह के निर्देश पर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने और अधिक से अधिक मतदान कराने को दृषित रखते हुये पूरे जिले में अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों में शपथ, हस्ताक्षर, रंगोली, रैली, दीवार लेखन, पोस्टर, बैनर, स्टीकर, निबंध लेखन सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह ने जिले के सभी मतदाताओं से 7 और 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि सभी मतदाता बिना किसी प्रलोभन के स्वयं के विवेक से अपने मताधिकार का उपयोग करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा है कि मतदान लोकतंत्र का महापर्व है और इस महापर्व पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने एवं देश के विकास में सहभागी बनने के लिए सभी मतदाता बढ़-चढ़कर मताधिकार का उपयोग करें। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा है कि सभी युवा मतदाता, जो पहली बार वोट कर रहे है, वे सभी अवश्य मतदान करें ।

## छाई जलकुंभी... ये सीवन नदी है, घास का मैदान नहीं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीवन नदी का पानी एक बार फिर दूषित होने लगा है। नदी में इस कदर जलकुंभी फैल चुकी है कि इसमें अब तो पानी दिखाई देना भी बंद हो गया है। दूर से देखने पर लगता ही नहीं है कि यह कोई नदी है। अब तो यह हरी भरी घास का मैदान नजर आने लगी है। नदी में हनुमान फाटक से करबला तक की नदी की हालत खराब है।

यहां पर इस कदर जलकुंभी है कि गलती से कोई पैर रख दे तो वह डूब जाएगा।

### ग्राम चंदेरी में जारी संगीतमय श्रीराम कथा

# इस कलयुग में तो हनुमान जी के दर्शन सबसे बड़े वंदनीय माने जातेः कथा व्यास पंडित देवेन्द्र शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

हनुमान जी से बड़ा कोई भक्त नहीं है। इस कलयुग में तो हनुमान जी के दर्शन सबसे बड़े वंदनीय माने जाते हैं। जिस तरह से भक्त के बिना भगवान अधूरे माने जाते हैं, ठीक वैसे ही हनुमान जी के बिना राम भी अधूरे ही हैं। इसलिए कहा जाता है कि जब भी आप हनुमान जी के मंदिर में जाएं तो जय श्री राम कहें या जय सीता राम कहें। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चंदेरी में जारी संगीतमय श्रीराम कथा के दौरान कथा व्यास पंडित देवेन्द्र शास्त्री ने कहे। उन्होंने कहा कि प्रबिसि नगर कीजे सब काजा हृदयं राखि कौसलपुर राजा चौपाई के माध्यम से बताया भगवान भक्तों के हृदय में ही विराजमान रहते हैं। राम दूत मैं मातु जानकी, सत्य शपथ करुणा



निधान की यह मुद्रिका मातु मैं आनी, दीन्ह राम तुम्ह कह सहिदानी। पंडित श्री शास्त्री ने कहा कि सुन्दर काण्ड के गूढ़ तत्वों का उल्लेख किया। कहा कि जब हनुमान जी भगवान राम का दूत बनकर लंका में प्रवेश करते हैं, तो वह अपना रूप अत्यंत लघु कर लेते हैं। यहाँ अपने शरीर का आकार छोटा करने का अर्थ यह है कि वह अपने आप मामूली व्यक्ति बनकर माता सीता के सम्मुख जाते हैं। यहां लघुता का अर्थ अभिमान रहित से है। उसके पीछे भी एक मंशा यह है कि मां सीता की भक्ति को प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को अभिमान रहित होना होगा। तभी मां सीता की भक्ति मिल सकती है। इसी बीच अशोक वाटिका में रावण का आगमन होता है। यहां रावण का अभिप्राय समस्या से है, वही हनुमान जी का अर्थ सलूशन (समाधान ) से है। मानव जीवन में समस्याओं के आने से पूर्व उसका समाधान मौजूद होता है। यज्ञ के संचालक धर्मरक्षक पंडित दुर्गाप्रसाद कटारे ने बताया कि ग्राम चंदेरी पूरी तरह राममय हो गया है। यहां पर सुबह से यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, दोपहर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, वहीं शाम को भजन कीर्तन का आयोजन किया जाता है।

## स्वीप गतिविधियों के तहत अनेक मतदाता जागरुकता गतिविधियां की आयोजित

**सीहोर।** मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिलेभर में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रवीण सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी के निर्देश पर जिलेभर में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र सीहोर में मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी पाइंट बनाए गए है।

मतदाता इन सेल्फी पाइंट पर फोटो ले रहे है और शत प्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ रहे है। जिला दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र सीहोर में



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान रंगोली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। रंगोली बनाकर मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय, सीएम राइज शासकीय उमावि जावर में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षको ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। शहीद भगत सिंह स्नातक महाविद्यालय आष्टा में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा प्रत्याशी का नामांकन भरवाने पहुंचे सीएम यादव, शिवराज, वीडी सहित तीन मंत्रीगण

# 'मुख्यमंत्री रहते उन्होंने कुछ भी नहीं किया, अब सांसद बनकर क्या करेंगे'





### सभा में 2 मिनट बोलकर लौटे सीएम, शिवराज ने मंच से बांधा समा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

लोकसभा चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के चैथे दिवस सोमवार को सप्तमी के शुभ-मुहुर्त में भाजपा प्रत्याशी रोड़मल नागर ने अपना नाम-निर्देषन पत्र दाखिल किया।

श्री रोड़मल का नामांकन फार्म भरवाने सूबे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री षिवराज सिंह चैहान, सहाकारिता मंत्री विष्वास सारंगपुर, पार्टी प्रदेषाध्यक्ष वी.डी. शर्मा सहित प्रदेष चुनाव प्रभारी महेंद्र सिंह भी राजगढ़ पहुंचे। हेलीपेड से उतरकर मुख्यमंत्री सहित सभी अतिथिगण सीधे कलेक्टोरेट पहुंचे। यहां पार्टी प्रत्याशी रोड़मल नागर, मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, तकनीकी षिक्षा कौषल राज्यमंत्री गौतम टेटवाल पूर्व से ही कलेक्टोरेट में सीएम व अन्य अतिथियों का इंतेजार कर रहे थे। कलेक्टोट की 100 मीटर की परिधि में सभी वाहन प्रतिबंधित हैं। ऐसे में सीएम सहित सभी मंत्रीगणों को कलेक्टोरेट के मेन चैनल से रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष तक पैदल पहुंचना पड़ा। यहां आरओ कक्ष में पांच लोगों का प्रवेष निर्धारित होने के चलते कक्ष में सिर्फ प्रत्याषी नागर, मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री षिवराज, वीडी शर्मा एवं राज्यमंत्री पंवार ही प्रवेष कर पाए। बाकी नेतागणों को कक्ष के बाहर ही रोक लिया गया।

#### सभा में कुछ समय बोलकर रवाना हो गए सीएम

नामांकन फार्म दाखिल करने के उपरान्त सभी नेतागण मंगल भवन स्थित सभा स्थल पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री व सभी अतिथियों को 51 किलो का हार पहनाकर स्वागत, अभिनंदन किया गया। सीधे मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पहले माईक सम्हाला और उन्होंने पार्टी प्रत्याषी श्री नागर को वोट देने की अपील सभा में उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं व समर्थकों से की। सीएम को बीच सभा से जाना पड़ा क्योंकि उन्हें ग्वालियर के बाद सीधे उत्तर-प्रदेष के मैनपुरी जाना था। उनके प्रस्थान प्रष्चात भाजपा प्रदेषाध्यक्ष ने मंच से कहा कि राजगढ़ सीट का चुनाव थोड़ा अलग है। यहां हिन्दुत्व का मजाक उड़ाने वालों से हमारा पाला पड़ा है। उन्होंने कहा कि राजगढ़ में एक ऐसा व्यक्ति भी है जिसे राम मंदिर बना तो पेट में दर्द हुआ था।

#### शिवराज मंच पर आए तो तालियों से गूंज उठा सभास्थल

मंच पर शिवराज के माईक लेने पर ही पूरा सभास्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सीएम के जाने से सभी षिवराज को सुनने के उत्सुक नजर आ रहे थे। अपने उद्धबोधन में उन्होंने कहकहे के अंदाज में कहा कि बहुत दिनों से आपकी याद आ रही थी इसलिए 'तुमने पुकारा और हम चले आए।' आगे उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से कांग्रेस प्रत्याषी एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को लेकर कहा कि जिन्होंने 10 साल प्रदेष का मुख्यमंत्री रहते हुए राजगढ़ जिले के लिए कुछ भी नहीं किया वे अब सांसद बनकर क्या कर देंगे।

#### खास बातें

- परेड ग्राउण्ड पर बने हेलीपेड से सीधे कलेक्टोरेट पहुंचे मंत्रीगण।
- सीएम व सभी मंत्रियों को भी 100 मी. की दूरी पर रोका।
- मंच पर सिर्फ 2 मिनिट ही बोले सीएम।
- विधायक अमरसिंह ने सम्हाली व्यवस्था।
- चाक-चैबंद रही सुरक्षा व्यवस्था।

#### आखिर दिग्विजय सिंह ने राजगढ़ को दिया क्या है

पूर्व सीएम शिवराज ने आगे कहा कि राजगढ़ का मोहनपुरा बांध देखकर मेरी आत्मा हरी हो जाती है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह क्या कभी आप किसानों सिंचाई के लिए पानी दिया। क्या उन्होंने सड़के बनवाइं, क्या उन्होंने आपके लिए नहरें बनवाईं। क्या उन्होंने बेटियों को लेपटॉप दिया। क्या उन्होंने आप किसानों को सम्मान निधि देने का सोचा।

### संयुक्त रूप से मनाई डॉ. अंबेडकर व ज्योतिबा फुले जयंती

**राधौगढ़।** नगर में संयुक्त रूप में नारी शिक्षा के जनक,समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले एवं भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। जिसमें सर्वप्रथम अंबेडकर भवन वार्ड नंबर 9 से मूर्ति पर माल्यार्पण कर यात्रा का प्रारंभ किया गया, जो कि नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई महात्मा ज्योतिबा फुले स्थल गणेश मंदिर माली सैनी समाज पर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,हिंदू संगठन गोलू गुर्जर श्याम ओझा सहित पूरी टीम,डॉ धर्मवीर सोलंकी समाजसेवी, ताहिर खान सदर एवं समस्त अंजुमन कमेटी मुस्लिम समाज राघौगढ़ आदि के द्वारा झांकी का स्वागत किया गया।

### मलावर थानाक्षेत्र के ग्राम पगारी का मामला

## पति ने दूसरी महिला को रखा पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के मलावर थाना क्षेत्रान्तर्गत आ रहे ग्राम पगारी में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के अलावा भी दूसरी महिला को घर रखकर पत्नी जैसा दर्जा दे दिया। जब पत्नी ने इसका विरोध किया तो पति व ससुराल वालों ने उसे काफी परेशान करते हुए प्रताड़ित किया। पत्नी ने थाने पहुंचकर सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णाबाई पवन दांगी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई के उसके पति पवन ने दूसरी महिला को रख लिया। उस दूसरी महिला को भी पत्नी जैसा दर्जा दे रखा है। जब उसने विरोध किया तो न केवल पति बल्कि ससुर रामचरण, सास कौषल्याबाई व राधा पत्नी महेष निवासी मोतीपुरा लगातार उसे परेषान और प्रताड़ति कर रहे हैं। षिकायत पर मलावर पुलिस ने पवन दांगी, रामचरण दांगी, कौषल्याबाई व राधाबाई पर धारा 498-ए के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

#### घर से 5 क्विंटल गेहूं हुआ चोरी

कोतवाली थाना के बरखेड़ा गांव निवासी जगन्नाथ वर्मा के घर पर चोरों ने वारदात को अंजाम दे डाला। चोर यहां से 5 क्विंटल गेहूं, एक गैस सिलेन्डर, गैस चूल्हा, कपड़े बर्तन सहित करीब 18 हजार का माल चुरा ले गए। फरियादी जगन्नाथ की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

## निर्वाचन: 'प्रत्येक वोट जरूरी है' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता

### विजेताओं को मिलेगा 51, 21 व 11 हजार का पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

निवार्चन आयोग द्वारा लोकसभा निवार्चन में मतदान का प्रतिषत बेहतर हो इसके लिए मतदाता जागरुकता अभियान के तहत राज्य स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमषः 51, 21 एवं 11 हजार का पुरस्कार व प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही 10 प्रतिभागियों को विषेष पुरस्कार मिलेगा।प्रतियोगिता में प्राप्त प्रविष्टियों के मूल्यांकन के लिए एक राज्य स्तरीय चयन समिति गठित की गई है। चयन समिति के मूल्यांकन के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपनी प्रविष्टि एमपी.माय.जीओवी.पद पोर्टल पर भेजनी होगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता संबंधित जानकारी आयोग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। स्लोगन भेजने की अंतिम तिथि 25 अप्रेल निर्धारित है।

#### प्रतियोगिता के नियम व शर्तें

प्रतिभागीय मप्र का मूल निवासी होना चाहिए। एक प्रतिभागी एक एक प्रविष्टि अधिकतम 25 से 30 शब्दों मेंमान्य होगी। प्रविष्टि मौलिक, अर्थपूर्ण एवं हिन्दी भाषा में होना चाहिए। प्रविष्टि में किसी उत्तेजक या आपत्तिजनक शब्द न हो। प्रतिभागी प्रविष्टि केसाथ अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी भी जरूर लिखें। चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

## माता-पिता और संत को प्रणाम करते हुए मन को प्रभु में लगाओ: हरिओम महाराज




**सारंगपुर।** मन पर नियंत्रण बहुत जरूरी है। जो मन पर नियंत्रण नहीं रखता है, वो शत्रु की तरह व्यवहार रखता है, लेकिन जो इन्द्रियों को वश में कर लेता है, वो संसार को जीत लेता है।इन्द्रियों का राजा मन है। अपने माता पिता और संत को प्रणाम करते हुए मन को प्रभु मे लगाओ। उक्त कथन स्थानीय श्रीराम मांगलिक भवन रंगेरवाड़ी मे रविवार शाम को श्रीमद भागवत कथा का वाचन करते हुए भागवत कथा आचार्य हरिओम महाराज ने कथा के चैथे दिन कहे। उन्होंने आगे कहा कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने मन मे स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है। भागवत कथा के चलते भागवताचार्य ने श्रीकृष्ण जन्म, कपिल मुनि, नृसिंह अवतार, वामन अवतार सहित कई प्रसंग सुनाये। वही कथा में कर्मयोगी भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे आनंद और हर्षोल्लास के साथ धूम-धाम से मनाया गया। कंस के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। भगवान कृष्ण जन्मोत्सव में नन्हें बालक ने भगवान कृष्ण का रूप धारण कर उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। सभी ने कृष्ण जन्म का आनंद लिया। साथ ही भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रोता भाव विभोर होकर नाचने लगे।

## महिला मंडल भंवरगंज ने धूमधाम से मनाया गणगौर पर्व

### गणगौर मां को शोभा यात्रा निकाल कर दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर की कॉलोनी भंवरगंज में मातृशक्ति द्वारा बहुत ही धूमधाम से गणगौर पर्व का आयोजन किया गया सभी महिलाओं द्वारा लाल रंग की चुनरी में गणगौर मां को शुभ मंगल भावभीनी विदाई शोभा यात्रा के साथ दी गई श्रद्धापूर्वक मातृशक्ति ने भोलेनाथ मां पार्वती जी का स्मरण करते हुए गौरी मां गणगौर का पूजन किया और नाचते हुए गाते हुए अखंड सौभाग्य की कामना की अपने परिवार की सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए आशीर्वाद मांगा भंवरगंज से शोभायात्रा मां काली के मंदिर होते हुए बाजार से निकलकर इंदौर नाका स्थित शिवालय तक गई जहां पर मां गोरा और भोलेनाथकी पुनः पूजन अर्चन के द्वारा विदाई की गई पुनः अगले वर्ष धूमधाम के साथ आगमन हेतु प्रार्थना भी की गई हंसते-हंसते नाचते गाते सभी मातृशक्ति में अपने गणगौर त्यौहार का समापन किया मातृशक्ति के रूप में राम सखी शर्मा सोना अवस्थी मोना अवस्थी रजनी शर्मा ,नीतू शर्मा, मीरा वर्मा,अंजू शर्मा ,मीरा शर्मा सभी मातृशक्ति भावारगंज की उपस्थिति रही



#### मेडतवाल समाज की महिलाओं ने गणगौर जुलूस धूमधाम से निकाला

*जीरापुर मेडतवाल समाज महिला मंडल द्वारा गणगौर पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाएं गोवर्धन नाथ जी की हवेली पर एकत्रित हुई। जहां से गणगौर का जुलूस शुरू हुआ जिसमें शिव पार्वती की आकर्षक झांकी रथ में सजाकर जुलूस के साथ चल रही थी।शाहजी मोहल्ला स्थित गोर्वधन नाथ जी कि हवेली से शोभायात्रा प्रारम्भ हुई जो गुर्जर मोहल्ला, बृजवासी मौहल्ला किशनगढ़ मोहल्ला होते हुए समाज कि धर्मशाला में पहुंची।जुलूस में महिलाएं चुनरी एक जैसी पोशाक धारण करके मंगलगान एवं नृत्य करते हुए चल रही थी। महिलाओं द्वारा सामूहिक पुजा अर्चना की जिसमें सुख समृद्धि की कामना करते हुए मंगलगीत गाये। महिला मण्डल अध्यक्ष कुसुम टांक सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।*

## गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन



**सारंगपुर ।** कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा स्थानीय पूर्णेश्वर महादेव मंदिर बड़ी होली पर गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम विश्वगीताप्रतिष्ठानम् उज्जयिनी द्वारा संचालित गीता स्वाध्याय के अंतर्गत संचालित कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा घर-घर गीता का प्रचार हो गीत का गायन किया ।कार्यक्रम में सर्वप्रथम यजमान आनंद कुमार उपाध्याय द्वारा भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भागवत गीता की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया । तत्पश्चात विश्व गीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय पत्रक का गायन कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के वरिष्ठ संस्कृताचार्य श्याम कारपेंटर,आनंद मोहन व्यास, आनंद कुमार उपाध्याय, नवीन श्रीवास्तव, अखिलेश उपाध्याय, जानकी माहेश्वरी, सिंधु लौंढे, मंगला वैद्य, छाया जोशी, सीमा जोशी, रीना उपाध्याय, नीरज उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि डॉ निर्मला उपाध्याय (नीमच )के करकमलों द्वारा श्रीमद्भागवत गीताजी की आरती उतारी गई। आगामी गीता स्वाध्याय कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा राधा कृष्ण मंदिर राठौर समाज पर किया जाएगा

### परशुराम जयंती को लेकर मंदिर में हुई बैठक

**विदिशा।** परशुराम जयंती पर 24 वर्षों से निकाली जा रही शोभायात्रा को लेकर ब्राह्मण महापंचायत एवं परशुराम सेवा दल की बैठक कार्तिक चौक स्थित चौबे जी के मंदिर पर हुई। बैठक में निर्णय लिया गया की शोभायात्रा को भव्य रूप दिया जाएगा। इसके लिए शोभायात्रा का संयोजक पंडित मोनू दुबे एवं सहसंयोजक पंडित आशु राजपुरोहित एवं प्रियेश शर्मा को बनाया गया। मोनू दुबे ने युवा ब्राह्मणों को मर्यादित रहकर धर्म की रक्षा करने प्रेरित किया। बैठक की अध्यक्षता पंडित ओपी चतुर्वेदी ने की।

### आरजेडी बोले- नहीं मिला कोई प्रतिवेदन

## जांच रिपोर्ट ले जा रहा हूं, अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपूंगा

**ब्यावरा।** वर्षो से जिला अस्पताल में चली आ रही प्रसूताओं एवं नवजात की समस्या पर अभी विराम लगना तय नहीं माना जाना चाहिए। सोमवार को जिला चिकित्सालय पहुंच रीजनल ज्वाइंट डायरेक्टर स्वास्थ्य दिनेश कौशल से जब संबंधित डॉक्टर के प्रतिवेदन के बारे में पूछा गया तो उन्हाने साफ शब्दों में इंकार कर दिया। साथ ही उन्होने कहा कि मैने अपनी जांच कर ली है और अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचेगी। उल्लेखनीय है कि प्रसूता की मौत एवं वर्षो से अपनी मनमानी पर उतारू डॉ आकांक्षा एवं डॉ पूजा पैसे लेने के आरोपों से अपने आप को बचाती आ रही है और कई बार पैसे न मिलने पर प्रसूता व नवजात की जान पर बन काती है ऐसा ही एक मामला विगत बुधवार जिला अस्पताल में देखने को मिला था।

## लोकतंत्र को मजबूत करने शत प्रतिशत हो मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा



लोकतंत्र को मजबूत किए जाने लोकसभा चुनाव मैं शत प्रतिशत मतदान हेतु नगर एवं आसपास के लोगों को निष्पक्ष मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया जो हमारा मौलिक अधिकार है वोट के माध्यम से ही लोकतंत्र को मजबूत किया जाता है नगर परिषद छापीहेड़ा द्वारा जो मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा इसका मुख्य उद्देश्य लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान कर लोकतंत्र मजबूत किया जाना है नगर मैं मेहंदी प्रतियोगिता के अंतर्गत महिलाओं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अपने अपने हाथों पर मेहंदी से मतदान जागरूकता के नारे एवं स्लोगन लिखकर नगर वासियों को शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु जागरूक किया गया एवं इसके पश्चात नगर पंचायत कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान की शपथ ली गई इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा नगर परिषद कर्मचारी जमील मंसूरी भैरू सिंह मालवीय एवं महिला बाल विकास अंतर्गत आने वाली नगर की सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तारा तोमर छाया शर्मा रुखसाना कविता पटेल दीपा चौरसिया अर्चना नामदेव रेखा नगर प्रेमलता मरुठिया आदि सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

## तीन करोड़ की लागत से बने मंडी रोड के फुटपाथ पर रेत व्यापारियों ने किया कब्जा

### नगरीय प्रशासन की अनदेखी से आम जन हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



नगर का मुख्य मार्ग मंडी रोड़ करीब 3 करोड़ रुपए की लागत की सड़क नाली सहित रोड के दोनो ओर सुंदरता का प्रतीक दिखे इस कारण नगर परिषद द्वारा पेवर्स लगा कर फुटपाथ बनाया गया।

जिससे नगर के नागरिक सुरक्षित फुटपाथ पर पैदल निकल सके। लेकिन फुटपाथ पर रेत तार सीमेंट टाइल्स आदि पटक कर अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे निकल वाले नागरिक फुटपाथ की जगह संकीर्ण सड़क से निकलते है। हादसे का डर बना रहता है। वही फुटपाथ पर रेत माफियो ने कब्जा जमा लिया है। नगर का मंडी रोड पर सुबह के समय बुजुर्ग सहित बच्चे महिलाये आदि घूमने-फिरने निकलती हैं वे फुटपाथ पर रेत पड़ी होने के कारण निकलना मुश्किल होने से सड़क पर उतर कर निकलते वही मंडी रोड पर तेज रफ्तार से गाडियां निकलती है रोड पर चलने वाले राहगीरो को दुर्घटना का डर बना रहता है । गर्मी के समय में बालू रेत के ढेर फुटपाथ सहित रोड पर पड़े होने के कारण इस मार्ग से निकलने वाले टू व्हीलर पैदल चलने वाले राहगीरों पर बालू रेत के कण आंखों में गिर जाते हैं जिससे एक दूसरे वाहन से टकराकर हादसा होने की संभावना बनी रहती है वही राहगीरों के आंखो में बालू रेत के कण गिरते है। इसी मार्ग से शासकीय कन्या विद्यालय, कालेज छात्रावास के बालक बालिका निकलने का मुख्य मार्ग है।

#### निर्देश दिए हैं

नगर परिषद को कार्यवाई करने हेतु निर्देशित किया गया है।

**अंकिता जैन,** एसडीएम खिलचीपुर

## रिमझिम फुहारों के बीच गरबा नृत्यों के साथ की गई मां की आराधना

### वैष्णों देवी माता मंदिर पर बंगाली थीम के साथ हुए शानदार गरबे



**ब्यावरा।** चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान नगर में पहली बार मां मंशापूर्ण वैष्णों देवी माता मंदिर पर खालसा डांस एकेडमी के तत्वाधान में कलाकारों द्वारा गरबा नृत्यों के जरिए मां की उपासना की गई। देर रात तक चले गरबा नृत्यों में बाल कलाकारों के साथ बंगाली थीम पर हुए गरबों में युवतियों की शानदार प्रस्तुति ने रिमझिम फुहारों के बीच श्रद्धालु भक्तों को देर रात तक रोके रखा। नगर में पहली बार हुए गरबा आयोजन में बड़ी तादात में नगर के गणमान्य नागरिकों को सहित श्रद्धालु भक्तों ने भाग लिया। शनिवार से आयोजित हो रहे 3 दिवसीय गरबा महोत्सव के दौरान शनिवार को बंगाली थीम पर गरबा नृत्यों के शानदार आयोजन हुए। वही रविवार को पंजाबी एवं गुजराती थीम पर कलाकारों गरबा नृत्यों की प्रस्तुति दी गई। चैत्र नवरात्र पर्व के दौरान गरबा नृत्यों के जरिए मां की आराधना में देर रात तक सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बनाते हुए कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर मां मंशापूर्ण वैष्णों देवी मंदिर ट्रस्ट समिति सदस्यों ने गरबा कलाकारों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया।

## गायत्री शक्ति पीठ पर विभिन्न आयोजन



**जीरापुर।** स्थानीय गायत्री शक्ति पीठ पर चेत्रिय नवरात्रि पर प्रतिदिन भिन्न-भिन्न आयोजन चल रहे। इसी तारतम्य में 16 अप्रैल 24 को सायंकाल 5 बजे विशेष द्वीप यज्ञ का आयोजन रहेगा, तथा 17 अप्रैल 2024 को प्रातः 7बजकर30 बजे नव कुंडीय गायत्री यज्ञ एवं गायत्री माता के विभिन्न अनुष्ठान होंगे। शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में वैसे तो बारह मास नैतिक एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान का रचनात्मक अभियान संचालित होता आ रहा है। जिसमें प्रतिदिन अनेकों कार्यक्रम होते हैं। वहीं सामूहिक आरती , व्यक्तिगत मंत्र जाप ,गायत्री यज्ञ ,गायत्री जाप इत्यादि।

## भोपाल राइडिंग क्लब का एक दिनी चंदेरी प्रवास, नगर की ऐतिहासिक धरोहरों को संजोया

**चंदेरी।** भोपाल राइडिंग क्लब के तीन बाइक राइडर इन दिनों मध्य प्रदेश की खूबसूरत जगहों में से एक ऐतिहासिक एवं पर्यटन नगरी चंदेरी में एक दिन के प्रवास पर आए, और ऐतिहासिक नगरी चंदेरी की पुरातात्विक धरोहरों को कैमरे में कैद कर सोशल मीडिया पर लगातार प्रमोट कर रहे हैं। यात्रा प्रमुख जितेन्द्र बोढ़के ने बताया कि उनके साथ नवीन कपूर व रोहित कुमार भी साथ में बाइक राइडिंग कर रहे हैं। पूर्व में हमारे द्वारा नेपाल, भूटान, श्रीलंका सहित कई जगहों पर भ्रमण किया गया है, परंतु भारत में जो कल्चर है, खूबसूरती है वह कहीं नहीं है, एक अलग ही एहसास होता है अपने देश में।साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि हमारा उद्देश्य सांस्कृतिक व ऐतिहासिक धरोहरों को ज्यादा से ज्यादा प्रमोट करना है। भोपाल बाइक राइडिंग ग्रुप में 110 मेंबर है। हमारे द्वारा भीमकुंड की राइट भी आगामी समय में की जाएगी साथी बाइक राइडिंग ग्रुप द्वारा मध्य प्रदेश टूरिज्म के प्रयासों की तारीफ की गई। इसी दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि हमारे ग्रुप द्वारा असहाय गरीब लोगों की सहायता की जाती है, समय-समय पर जरूरतमंदों को रक्तदान किया जाता है।



## खबर संक्षेप

### गांव ने खोया एक और होनहार युवा



**जावर**। गांव में एक और हृदय विदारक घटना घटी। गांव के होनहार युवा पांडव परिवार के भीम सिंह मास्टर के ज्येष्ठ पुत्र व पप्पू डॉक्टर के बड़े भाई, गुड्डू भैया का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया। गुड्डू भैया वर्तमान में विदिशा में नवोदय केंद्रीय विद्यायल में पदस्थ थे। बीती रात अपने घर से विदिशा अपनी ड्यूटी के लिये रवाना होने के लिये अपने घर से निकले थे और अचानक सड़क दुर्घटना में काल के गाल में समा गए। भगत सिंह उर्फ गुड्डू भैया के रूप में गांव ने एक और होनहार नोजवान खो दिया। जिनके यूं चले जाने से गांव में शोक की लहर दौड़ गई । विदित है कि मेहतवाड़ा गांव में पिछले कुछ समय से लगातार ऐसे नोजवानों को असमय खोता जा रहा है जिनकी चले जाने का आज तक भी भरोसा नही हो पा रहा है।

### नवमीं पर माता के मंदिर पर होगा महायज्ञ

**सीहोर**। शहर के प्रसिद्ध सीवन नदी घाट के समीप स्थित श्री सिद्धिदात्री अंबे मां बिजासनी मंदिर पर चैत्र नवरात्रि का महापर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नवमी पर प्रसादी का वितरण किया जाएगा। समिति के उपाध्यक्ष सुरेश वशिष्ठ ने बताया कि देवी का स्थान काफी प्राचीन है। पहले यहां पर छोटी सी मढिय़ा में दोनों नवरात्रि पर मां की मिट्टी की मूर्ति बनाकर ब्रह्मलीन पुजारी रामेश्वर दयाल शर्मा मां की आरधना एवं सेवा पूजा-अर्चना करते थे, समय के अंतराल से देवालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गया था। कांचीकाम कोटी महापीठम, पू. स्वामी शंकराचार्य महाराज शारदा द्वारीकापीठ बद्रीकाश्रम के आशीर्वाद एवं अनंत कृपा से पूजित है। समिति द्वारा देवालय पर दोनों नवरात्रि में श्री दुर्गा सप्तशती के 108 महापाठों का अनुष्ठान वर्षों से लगातार किया जाता आ रहा है।

### पुष्य नक्षत्र योग में आस्था और उत्साह के साथ मनाई महाष्टमी

# कन्याओं को भोजन कराकर शिक्षा सामग्री का किया वितरण, आज होगा भंडारा

नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि के पावन अवसर पर शहर के विश्रामघाट स्थित चौसट योगनी मरीह माता मंदिर में आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। मंगलवार को महाष्टमी का पावन पर्व पुष्य नक्षत्र योग में धूमधाम से मनाया गया था। इस मौके पर करीब 101 कन्याओं को भोजन के साथ शिक्षा साम्रगी का वितरण किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक रोहित मेवाड़ा, श्रीराधे श्याम विहार कालोनी की ओर से जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, युवा समाजसेवी यश अग्रवाल, पंडित गणेश शर्मा, पंडित सुनील कुमार पाराशर, कृष्णा मेवाड़ा सहित अन्य मौजूद थे। अब बुधवार को सुबह आठ बजे से यहां पर जारी हवन का समापन किया जाएगा और आरती के पश्चात भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। पंडित श्री शर्मा ने बताया कि मंगलवार को दुर्गा महाअष्टमी पर सुबह पुष्य नक्षत्र योग प्रारंभ हुई, जो अगले दिन नवमी पर बुधवार की सुबह 7 बज कर 54 तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र को पोषण कर्ता माना जाता है। यह ऊर्जा शक्ति प्रदान करने वाला नक्षत्र होता है।

#### हर रोज हो रहा भंडारे का आयोजन

शहर के प्रसिद्ध मरीह माता मंदिर में हर साल की तरह इस साल भी चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरी आस्था के साथ मनाया जा रहा है। यहां पर आने वाले आस्थावना श्रद्धालुओं और महिला मंडलों के द्वारा प्रतिदिन यहां पर आने वाले कन्याओं को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में कन्याओं की पूजन-अर्चना करने के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया था। मंगलवार की सुबह से ही मंदिर परिसर में सुबह साढ़े सात बजे से करीब 31 हजार देवी मंत्रों के साथ आहुतियां दी गई और आरती की गई। वहीं बुधवार को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

#### आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती

श्री दीक्षित ने बताया कि मां दुर्गा के आठवें स्वरूप आदि शक्ति महागौरी की पूजा की जाती है। आठवें दिन की पूजा देवी के मूल भाव को दर्शाता है। देवीभगवत पुराण में बताया गया है कि देवी मां के 9 रूप और 10 महाविघाएं सभी आदिशक्ति के अंश और स्वरूप हैं लेकिन भगवान शिव के साथ उनके अर्धांगिनी के रूप में महागौरी सदैव विराजमान रहती हैं। इनकी शक्ति अमोघ और सद्यः फलदायिनी है। महागौरी की पूजा मात्र से भक्तों के सभी पाप धुल जाते हैं और वह व्यक्ति अक्षय पुण्य का अधिकारी हो जाता है। देवीभागवत पुराण के अनुसार, देवी पार्वती अपनी तपस्या के दौरान केवल कंदमूल फल और पत्तों का आहार करती थीं। बाद में माता केवल वायु पीकर ही तप करना आरंभ कर दिया था। तपस्या से माता पार्वती को महान गौरव प्राप्त हुआ है और इससे उनका नाम महागौरी पड़ा। माता की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनको गंगा में स्नान करने के लिए कहा। जिस समय माता पार्वती गंगा में स्नान करने गईं, तब देवी का एक स्वरूप श्याम वर्ण के साथ प्रकट हुईं, जो कौशिकी कहलाईं और एक स्वरूप उज्जवल चंद्र के समान प्रकट हुआ, जो महागौरी कहलाईं। मां गौरी अपने हर भक्त का कल्याण करती हैं और उनको सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाती हैं। देवीभागवत पुराण के अनुसार, महागौरी का वर्ण रूप से गौर अर्थात सफेद हैं और इनके वस्त्र व आभूषण भी सफेद रंग के ही हैं। मां का वाहन वृषभ अर्थात बैल है, जो भगवान शिव का भी वाहन है। मां का दाहिना हाथ अभयमुद्रा में है और नीचे वाले हाथ में दुर्गा शक्ति का प्रतीक त्रिशुल है। महागौरी के ऊपर वाले हाथ में शिव का प्रतिक डमरू है। डमरू धारण करने के कारण मां को शिवा के नाम से भी जाना जाता है। मां का नीचे वाला हाथ अपने भक्तों को अभय देता हुआ वरमुद्रा में हैं और मां शांत मुद्रा में दृष्टिगत है। इस मौके पर मंदिर के प्रबंधक गोविन्द मेवाड़ा, रोहित मेवाड़ा, जितेन्द्र तिवारी, मनोज दीक्षित मामा, यश अग्रवाल, पंडित उमेश दुबे, पंडित गणेश शर्मा, अनिल राय, सुनिल चौकसे, सुभाष कुशवाहा, पंकज झंवर सुमित भानू उपाध्याय, रामू सोनी, चिन्दू, प्रवेश, राजेश कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा और सुनील सहित अन्य शामिल थे।



# परेशान किसान ने राजस्व मंत्री से लगाई गुहार

### राजस्व मंत्री ने नायब तहसीलदार को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



43 साल की उम्र में ही राकेश मेवाड़ा पिता हरिप्रसाद पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सिस्टम से वह इतना प्रताड़ति हो गया कि जवानी में ही बुढ़ापा नजर आने लगा। मामला राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा की विधानसभा के खामलिया गांव का है। वर्ष 1985 में राकेश के पिता हरिप्रसाद मेवाड़ा ने जमीन खरीदी थी। तब से आज तक उस पर खेती करते आ रहे हैं।

जमीन पर उनका मकान और घर भी बना हुआ है। अब हरिप्रसाद मेवाड़ा ने जमीन अपने बेटे राकेश मेवाड़ा के नाम पर कर दी है, लेकिन राजस्व विभाग के अफसर की मिलीभगत से अब वह जमीन सूती मीडिया ट्रस्ट के नाम पर बता रहे है। खामलिया निवासी राकेश मेवाड़ा का आरोप है कि वर्ष 2012 तक उनका परिवार अच्छे से खेती करता आ रहा था, लेकिन धीरे-धीरे सूती मीडिया जमीन खरीदते-खरीदते हमारे गांव तक आ गया और राजस्व अफसर की मिलीभगत से हमारी जिस जमीन 389/1 का कब्जा हमारे पास है उसका बंटान परिवर्तन कर 389/4 कर दिया है। अब सूती मीडिया उस जमीन पर कब्जा करना चाह रहा है हमें बार-बार नोटिस मिल रहे हैं।

हम उस जमीन पर करीब 35 साल से खेती करते आ रहे है। राकेश मेवाड़ा ने अब सिस्टम से हारकर राजस्व मंत्री करण वर्मा से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ति ने सोमवार को राजस्व मंत्री से मिलकर उनको अपना दुखड़ा सुनाया जिस पर राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने तत्काल नायब तहसीलदार भरत नायक को फोन कर कहा कि मामले का जल्द निराकरण करें अन्यथा गड़बड़ी करने वालों पर सख्त करवाई होगी।

# खेल मैदान पर मेला लगाने की अनुमति निरस्त करने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के पुराने बस स्टैंड के समीप स्थित उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान पर मेला लगाने की अनुमति देने का खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों ने विरोध करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों की अनुपस्थिति के चलते कानूनगो प्रदीप जायसवाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन को अवगत कराया की युवाओं को खेलकूद हेतु नगर में मात्र दो खेल मैदान है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व सुभाष ग्राउंड है। जिस पर खेल प्रतिभाएं अपना अभ्यास करती है। नपा द्वारा उक्त सुभाष ग्राउंड पर मेले की अनुमति दी गई है। ऐसे में खिलाड़ी फुटबाल, क्रिकेट के खेल से वंचित रहेंगे। उक्त मैदान उत्कृष्ट विद्यालय का है, नपा द्वारा अनुमति देना किस बात का सूचक है। खिलाड़ियों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त अनुमति को निरस्त कराएं। इस संबंध में जब उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद सितवत खान से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि इस संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं है और न ही हमारे से अनुमति मांगी है।

# प्रतिमाओं के नगर भ्रमण के बाद की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा











आष्टा क्षेत्र काछीपुरा स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर में मनाए जा रहे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना महोत्सव के तहत मंगलवार को भगवान श्रीराधा कृष्ण, श्रीराम, श्री लवकुश, जय महाकाल के जयकारों की बीच-प्राण प्रतिष्ठा की गई। सात दिवसीय महोत्सव के तहत प्रतिमाओं को बैण्ड बाजे के साथ सोमवार को नगर भ्रमण करवाया गया। प्रतिष्ठा के सभी संस्कार पूर्ण होने के बाद मंगलवार को सुबह से आयोजन हुए। नगरपुरोहित पंडित मयूर पाठक,पंडित मनीष पाठक पंडित डा दीपेश पाठक पंडित लखन लाल शर्मा,के सान्निध्य में पंचकुंडीय हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर सुख समृद्धि की कामना की। इसी दौरान शुभ मुहूर्त में श्रीराधा कृष्ण,श्रीराम दरबार,श्री लवकुश भगवान व शिव परिवार की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद श्रृंगार कर देव प्रतिमाओं के दर्शन करवाए तो मंदिर जयकारों से गूंजायमान हो उठा।

आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर कुशवाह समाज व नगर के धर्मप्रेमी जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। प्राणप्रतिष्ठा स्थल पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन लवकुश वंश की उत्पत्ति ,सुदामा चरित्र, नव योगेश्वर संवाद द्वादश स्कंध प्रसंगों का वर्णन पं. डा दीपेश पाठक द्वारा किया गया। कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन करते हुए शास्त्री ने कहा की भागवत कथा के श्रवण मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा के श्रवण मात्र से ही व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं, विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथा के अंत में महाआरती की गई। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई।

### आष्टा के ग्राम मोलूखेडी में सास-बहू सम्मेलन आयोजित

**सीहोर**। मोलूखेडी के आंगनवाडी केन्द्र मे विकल्प कार्यक्रम से संबंधित सास बहू सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन में बडी संख्या में सास एवं बहुऐं उपस्थित रही। विकल्प कार्यक्रम समन्वयक संजय सिंह, संभागीय समन्वयक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी फिरोजा अहमद ने कार्यक्रम में परिवार कल्याण के संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की कार्यक्रम में बताया गया है कि 01 ओर 02 बच्चों में अंतर रखने के लिए परिवार कल्याण साधनो का उपयोग करना चाहिए।

# ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा दो दिवसीय पूर्णकालिक योजना बैठक का हुआ समापन






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा दो दिवसीय पूर्णकालिक योजना बैठक आनंद तीर्थ प्रकल्प माता वेदरी भोपाल में संपन्न हुई। जिसमें समापन सत्र में निखिलेश महेश्वरी विद्या भारती संगठन मंत्री, वीरेंद्र सेंगर प्रांतीय सचिव, चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख और समस्त पूर्णकालिक उपस्थित रहे। समापन सत्र में संगठन मंत्री ने सभी पूर्णकालिक से आग्रह करते हुए बताया कि यह वर्ष विद्या भारती का शैक्षिक वर्ष है। इसलिए आचार्य को तकनीक एवं कौशल शिक्षा के साथ-साथ समस्त प्रकार के वर्ग प्रशिक्षण के द्वारा अपने आप को अपडेट करने की आवश्यकता है। साथ ही वर्ष में दो बार विद्यालय का शैक्षिक अवलोकन के द्वारा विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियां सुचारू रूप से चले इसके लिए आग्रह किया। साथ ही आचार्य अभ्यास वर्ग और विद्यालय संसाधन, प्रशिक्षित आचार्य,आधुनिक तकनीक के संसाधन प्रसाधन आदि विषयों पर आग्रह करते हुए। शैक्षिक वर्ष को एक आदर्श और उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आए। इसके लिए आग्रह किया। अंत में समस्त अधिकारी पूर्णकालिक, व्यवस्था टोली सभी का आभार प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख एवं आनंद तीर्थ प्रकल्प माता वेदरी के प्रबंधक नारायण सिंह चौहान ने किया।

### भागवत महापुराण और शिव शक्ति पंच कुंडी महायज्ञ प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ संपन्न

# शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित मां दुर्गा मंदिर में प्रतिमा की हुई स्थापना





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

ग्राम बडघाटी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण और शिव शक्ति पंच कुंडी महायग प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सोमवार को संपन्न हो गया। अंतिम दिवस यज्ञ आचार्य गणेश राम चतुर्वेदी द्वारा पूरे विधि-विधान से पूजा अर्चना कर मूर्ति को नगर भ्रमण करवाया गया। वही शुभ मुहूर्त में नवनिर्मित मां दुर्गे के मंदिर पर मूर्ति की स्थापना की गई।

अंतिम दिवस पंडित गीता प्रसाद शर्मा ने कहा कि जहां सत्य का समन्वय होता है वहां भगवान का आगमन होता है। आज की इस भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास समय का अभाव है। लोग भक्ति भाव से दूर होते जा रहे हैं। यही कारण है कि अधिकांश घर में अशांति फैली हुई है। सुख-शांति के लिए भगवान की शरण में आना चाहिए। भजन कीर्तन के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए। इससे हमारा मन शांत रहेगा तथा धार्मिक कार्यो में मन लगेगा। निष्पक्ष भाव से हमारे द्वारा की गई भक्ति हमें भवसागर से पार करती है। वहीं उन्होंने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। इस मौके पर आसपास ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमी बंधु व ग्रामवासी उपस्थित थे। अंतिम दिवस मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें समस्त ग्राम वासियों ने प्रसादी ग्रहण की।

# नगर में चलाया धर्म रक्षा निधि महा अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

धर्म रक्षा निधि महाभियान के तहत जावर प्रखंड में प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल राठी के नेतृत्व में जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर, जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश ठाकुर एवं प्रखंड अध्यक्ष लाखन सिंह ठाकुर की उपस्थिति एवं जावर प्रखंड के सह मंत्री अंकुर बिलोर प्रखंड, संयोजक यशवंत सिंह, प्रखंड मंत्री हरेंद्र सिंह से मंत्री अंकुर बिल्लोरे,अभिषेक शर्मा, जावर नगर में धर्म रक्षा निधि अभियान चलाया गया जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और संगठन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए सहयोग राशि भी भेंट की प्रांत सेवा प्रमुख गोपाल दास राठी ने सभी का आभार माना और धन्यवाद दिया।